**Regarding status of various railway projects in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid**

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **(**जलगांव**) :** जलगांव लोकसभा क्षेत्र में मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के अंतर्गत लागू, क्रियान्वित एवं प्रस्तावित रेलवे विकास परियोजनाओं की जानकारी मुझे समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है । यह जानकारी जनता के हित में आवश्यक है, जिससे रेलवे परियोजनाओं की प्रगति को सही ढंग से समझा और साझा किया जा सके । अतः अनुरोध है कि रेलवे मंत्री जी संबंधित रेलवे अधिकारी को निर्देश दे कि जलगांव लोकसभा क्षेत्र में रेलवे से संबंधित सभी विकास परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी मुझे समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं । इससे मैं अपने क्षेत्र की जनता को इन परियोजनाओं की प्रगति से अवगत करा सकूंगी । साथ ही, पिछले एक वर्ष में रेलवे परियोजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं से संबंधित जनता की शिकायतों एवं मांगों पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी मुझे शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि मैं जनता को उनके समाधान की स्थिति से अवगत करा सकूँ और रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उचित समाधान कर सकूँ । इस विषय को प्राथमिकता दी जाए और रेलवे मंत्री द्वारा निर्देशित किया जाए कि यह मुद्दा शीघ्र और सकारात्मक रूप से सुलझाया जाए । सहयोग और त्वरित कार्रवाई हेतु मैं मंत्री महोदय की आभारी रहूंगी ।